अति हरि कृपा जाहि पर होई । पाउँ देइ एहिं मारग सोई ॥
मिलेहु गरुड़ मारग महँ मोही । कवन भाँति समुझावौं तोही ॥
|| Ram Katha 959 - मानस हरि भजन || Little Rock, Arkansas, USA || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 346 | इंदौर, मंगलवार 01 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए नामांकन आज

**हेमंत खंडेलवाल का नाम सबसे आगे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश भाजपा को मंगलवार को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। करीब 10 महीने से चल रही चर्चा और अंदरूनी मंथन के बाद यह फैसला अंतिम चरण में पहुंच गया है। भाजपा के केंद्रीय चुनाव अधिकारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मंगलवार शाम 4 बजे भोपाल पहुंचेंगे और 4:30 बजे नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। दो जुलाई को नए अध्यक्ष के नाम की औपचारिक घोषणा की जाएगी। बैतूल से विधायक और पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल का नाम अब सबसे प्रमुख दावेदार के रूप में उभरा है। उन्हें संगठन से जुड़े वरिष्ठ नेताओं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पार्टी के प्रमुख चेहरों का समर्थन मिल रहा है। हेमंत खंडेलवाल की राजनीतिक पृष्ठभूमि भी मजबूत मानी जा रही है। उनके पिता विजय खंडेलवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं, जिससे संगठन में उनका जुड़ाव और भरोसा काफी पुराना है। खंडेलवाल का संघ से जुड़ाव और उनका साफ-सुथरा राजनीतिक रिकॉर्ड उन्हें अन्य दावेदारों से आगे बढ़ा रहा है। हेमंत खंडेलवाल का नाम लगभग तय माना जा रहा हैं। खंडेलवाल वर्तमान में प्रदेश भाजपा के कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। हेमंत खंडेलवाल ने 2007 में पहली बार बैतूल लोकसभा उपचुनाव में जीत हासिल की थी। यह सीट उनके पिता विजय खंडेलवाल के निधन के बाद खाली हुई थी। 2009 में बैतूल लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हो गई, लेकिन खंडेलवाल की भूमिका इसके बाद भी प्रभावशाली बनी रही। उन्होंने 2013 में विधायक के रूप में जीत दर्ज की, हालांकि 2018 में चुनाव हारे। 2023 में वह फिर से विधायक चुने गए।

### संघ और संगठन में मजबूत पकड़

खंडेलवाल को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश सोनी का करीबी माना जाता है। दिल्ली में हुए अंतिम दौर की चर्चा में सुरेश सोनी और डॉ. यादव दोनों ने ही हेमंत खंडेलवाल के नाम की जोरदार पैरवी की थी। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी उनके नाम पर सहमति जताई है। संघ और संगठन दोनों को भरोसा है कि हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बना रहेगा।

**अन्य नाम भी चर्चा में-** प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, लता वानखेड़े, नरोत्तम मिश्रा, अरविंद भदौरिया, बृजेंद्र प्रताप सिंह, अर्चना चिटनिस और गजेंद्र पटेल के नामों पर भी चर्चा में है। सूत्रों का कहना है कि अब औपचारिक एलान ही बाकी है।

**जल जीवन मिशन में**

# ₹30,000,00,00,000 का घोटाला!

## मध्यप्रदेश सरकार ने अपनी ही मंत्री पर बिठाई जांच, राजनीति गरमाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने जल जीवन मिशन के तहत केंद्रीय धन में भ्रष्टाचार के आरोपों पर अपनी ही मंत्री संपतिया उइके के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। यह जांच इंजीनियर-इन-चीफ (ईएनसी) संजय अंधावन के 21 जून के एक पत्र के बाद शुरू हुई, जिसमें मंत्री और एक कार्यकारी अभियंता पर लगे आरोपों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। आरोप है कि इन्होंने जल जीवन मिशन के तहत भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश को दिए गए 30,000 करोड़ रुपये के धन में हेराफेरी की और मंत्री के लिए धन एकत्र किया।

### 7 दिनों के अंदर रिपोर्ट भेजने को कहा

ईएनसी संजय अंधावन ने पीएचई विभाग के सभी क्षेत्रों के मुख्य अभियंता और एमपी जल निगम लिमिटेड, भोपाल के परियोजना निदेशक को पत्र भेजा है। उन्हें सात दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट जमा करने के लिए कहा गया है। मंत्री संपतिया उइके ने टिप्पणी के




लिए किए गए कॉल और संदेशों का जवाब नहीं दिया।

### पूर्व विधायक ने की थी शिकायत

यह जांच 12 अप्रैल को लांजी के पूर्व विधायक और संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद शुरू हुई है। समरीते ने आरोप लगाया है कि 'मंत्रियों, अधिकारियों और ठेकेदारों' ने भाजपा शासित राज्य में ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन प्रदान करने के लिए दिए गए केंद्रीय धन का 'दुरुपयोग' किया है।

### शिकायत में क्या लिखा है?

ईएनसी अंधावन के संचार में कहा गया है कि समरीते की शिकायत, जो प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित थी, को मध्य प्रदेश सरकार के अवर सचिव ने 30 मई को राज्य पीएचई विभाग को लिखे एक पत्र में संदर्भित किया था। अपनी शिकायत में, समरीते ने आरोप लगाया कि 'लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जल जीवन मिशन के तहत भारत सरकार द्वारा दिए गए 30 करोड़ रुपये का मंत्रियों, अधिकारियों और ठेकेदारों द्वारा दुरुपयोग किया गया है।'

### मंत्री संपतिया उइके पर क्या हैं आरोप?

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उइके ने 'इस योजना में कमीशन लिया' और मंडला स्थित एक कार्यकारी अभियंता के माध्यम से बड़ी राशि ली गई। समरीते की शिकायत में राज्य की जल आपूर्ति अवसंरचना परियोजनाओं में कई अधिकारियों और ठेकेदारों को शामिल करते हुए व्यापक भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया गया है। उनकी शिकायत में लिखा है इस योजना में, 3,000 पूरी तरह से फर्जी कार्य पूर्णता और उपयोगिता प्रमाण पत्र भारत सरकार को भेजे गए हैं जिन्हें तुरंत जब्त किया जाना चाहिए।

### राजनीतिक गलियारों में हलचल

इस मामले में जांच के आदेश के बाद राज्य के राजनीतिक गलियारों में हलचल है। विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर हैं और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। वहीं, सरकार का कहना है कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# इंदौर में NHAI ने खोल दिए एक साथ तीन हाइवे के काम, इसलिए हो रहा ट्रैफिक जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर-देवास रोड पर हुए जानलेवा जाम का मुद्दा चर्चा में है। जाम को हटाने के लिए अफसरों ने ट्रैफिक दूसरे मार्गों की तरफ मोड़ दिया। इससे ट्रांसपोर्टर नाराज है, क्योंकि उन्हें अतिरिक्त समय व डीजल लग रहा है। ट्रैफिक जाम की स्थिति आने वाले दिनों में भी रहेगी,क्योंकि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इंदौर में एक साथ तीन राष्ट्रीय राजमार्गों के काम खोल दिए है।**

इंदौर देश के चार राष्ट्रीय राजमार्गों से



जुड़ा है। देश का सबसे महत्वपूर्ण आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग इंदौर से गुजरता है। इसके लिए वर्ष 2000 में बाइपास बनाया गया था। इंदौर से देवास तक के हिस्से को दस साल पहले छह लेन किया गया, लेकिन कम ब्रिज बनाए। अब वहां ब्रिज बनाए जा रहे है। इस कारण 30 किलोमीटर हिस्से में तीन जगह जाम लगता है। सबसे ज्यादा परेशानी अर्जुन बड़ौद गांव में होती है। यहां सर्विस रोड की चौड़ाई कम है।

इसके अलावा इंदौर-इच्छापुर हाईवे का काम भी चल रहा है। चलते निर्माण के बीच ट्रैफिक इंदौर से चोरल, भैरवघाट होते हुए खंडवा की तरफ जाता है। इस मार्ग पर भी आए दिन जाम लगता है। सावन माह में इस मार्ग से कावड़ यात्री निकलते है। तब भी भारी वाहनों का ट्रैफिक रोक दिया जाएगा। ट्रकों को खरगोन होते हुए खंडवा की तरफ जाना पड़ता है। इसके अलावा इंदौर-हरदा राजमार्ग का निर्माण भी चल रहा है। एक साथ तीन मार्गों के निर्माण के कारण इंदौर के आसपास बार-बार यातायात बाधित होता है।

### ◆इंदौर-उज्जैन रोड के ट्रैफिक का दबाव भी बाइपास पर

इंदौर-उज्जैन स्टेट हाइवे को छह लेन करने का काम भी शुरू हो चुका है। 50 किलोमीटर लंबे इस मार्ग से राजस्थान और उत्तर प्रदेश के वाहन आते है। मार्ग निर्माण के दौरान ट्रैफिक जाम से बचने के लिए वाहन चालक इंदौर से देवास होकर उज्जैन जा रहे है। इस कारण भी इंदौर-देवास बाइपास पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है।

# अग्रिम जलकर, संपत्तिकर भरने की तिथि 31 जुलाई तक बढ़ाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम इंदौर ने अग्रिम संपत्तिकर और जलकर भरने की तिथि 30 जून तय की थी, लेकिन अंतिम दिन पोर्टल ठीक से नहीं चला। इस कारण जो शहरवासी व्यापार और नौकरी के सिलसिले में दूसरे शहरों में रहते हैं, उन्हें ऑनलाइन टैक्स भरने में काफी दिक्कतें आईं। पोर्टल खुल नहीं पा रहा था। इसके बाद मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने अग्रिम टैक्स जमा करने की तिथि 31 जुलाई तक बढ़ा दी।**



जिन शहरवासियों ने अभी तक अग्रिम टैक्स नहीं भरा है, वे इस छूट का फायदा उठा सकते हैं। निगम अग्रिम टैक्स जमा करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट देता है। इंदौर में पांच लाख से ज्यादा संपत्तिकर और जलकर के खाते हैं। दोनों के टैक्स से नगर निगम को हर साल विकास कार्यों के लिए बड़ी राशि मिलती है। इसके अलावा निगम अग्रिम टैक्स भरने वालों को भी छूट देता है। अग्रिम टैक्स भरने की तिथि 30 जून थी, लेकिन अब उसे एक माह के लिए बढ़ा दिया गया है। सोमवार को इंदौर नगर निगम के काउंटरों पर टैक्स भरने वालों की भीड़ नजर आई। दूसरे शहरों में रहने वाले लोगों ने ऑनलाइन टैक्स भी भरा, लेकिन ज्यादातर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा था। इस कारण कई करदाता चाहकर भी टैक्स नहीं भर पाए। शाम तक टैक्स भरने की समस्या आई। राजस्व समिति प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने कहा कि अग्रिम कर के रूप में 30 जून तक 20 करोड़ रुपये का टैक्स जमा हुआ है। मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि जलकर व संपत्तिकर अग्रिम भरने वालों को एक माह तक अतिरिक्त छूट दी गई है। अब करदाता 31 जुलाई तक टैक्स भर सकते हैं। अगस्त तक नगर निगम खुद का पोर्टल भी शुरू कर देगा।

# रोटरी क्लब इंदौर मेघदूत बना नंबर-1, मिले 6 बड़े अवॉर्ड



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में आयोजित रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में रोटरी क्लब ऑफ इंदौर मेघदूत को वर्ष 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ क्लब घोषित किया गया। मध्य प्रदेश और गुजरात के 115 क्लबों के बीच आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनीश मलिक एवं डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड चेयर रोटेरियन सिम्मी मलिक ने की। समारोह में क्लब को प्लेटिनम कैटेगरी में शीर्ष स्थान दिया गया।**

क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन मनीष शर्मा को सर्वश्रेष्ठ क्लब अध्यक्ष और सचिव सौरभ मुंदड़ा को सर्वश्रेष्ठ सचिव के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं, डिस्ट्रिक्ट 3040 के सह मंडलाध्यक्ष रोटेरियन रजनीश जायसवाल को उनकी प्रभावशाली नेतृत्व क्षमता के लिए सर्वश्रेष्ठ सह मंडलाध्यक्ष घोषित किया गया। उनके नेतृत्व में क्लब द्वारा किए गए समाजसेवी कार्यों के लिए विशेष सराहना की गई। रोटरी क्लब ऑफ इंदौर मेघदूत द्वारा संचालित रोटरी नेत्र परीक्षण केंद्र और मेघदूत फिजियोथेरेपी केंद्र में वर्षभर में लगभग 15,000 मरीजों का उपचार किया गया और जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। क्लब की 'निर्मला योजना' के तहत स्लम क्षेत्रों में महिलाओं को सालभर सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए गए, जबकि 'शिशु कल्याण योजना' के अंतर्गत हजारों गर्भवती महिलाओं को 9 माह की निःशुल्क दवा प्रदान की गई।

# इंदौर से जम्मू की फ्लाइट शुरू करने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर से जम्मू के लिए फ्लाइट को दोबारा शुरू करने की मांग ट्रैवल एजेंट्स ने की है। दरअसल, इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से जम्मू के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट को ऑपरेशन सिंदूर के वक्त अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। लेकिन अब तक एयरलाइंस ने इस रूट पर उड़ान शुरू नहीं की है।**




अमरनाथ यात्रा के चलते इस रूट की मांग काफी बढ़ गई है, लेकिन सीधी उड़ान बंद होने से यात्रियों को वैकल्पिक फ्लाइट्स का सहारा लेना पड़ रहा है। दिल्ली होकर जम्मू पहुंचने में अब ज्यादा समय और खर्च दोनों लग रहे हैं। इंदौर एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, जम्मू के लिए उड़ान को एयरलाइन ने अभी तक अपने शेड्यूल में शामिल नहीं किया है। पहलगाम हमले से पहले इस फ्लाइट की मांग काफी थी। यात्री इंदौर से जम्मू जाकर वैष्णो देवी और श्रीनगर जैसे स्थलों पर जाते थे। वापसी में भी कई यात्री इसी फ्लाइट का उपयोग करते थे। फ्लाइट की सीधी सेवा से लोग सिर्फ दो घंटे में जम्मू पहुंच जाते थे। ट्रैवल एजेंटों ने मांग की है कि इस रूट पर उड़ान को जल्द से जल्द फिर से शुरू किया जाए। एजेंट्स का कहना है कि इससे धार्मिक यात्रियों को बड़ा फायदा होगा और समय व खर्च भी बचेगा। इस रूट पर इंडिगो की फ्लाइट सुबह 9 बजे इंदौर से रवाना होती थी और सुबह 11 बजे जम्मू पहुंचती थी।

# फिर तेज होगा वोकल फॉर लोकल अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में 1 जुलाई से फिर लोकल फॉर वोकल अभियान तेज होगा। चीन-बांग्लादेश का सामान नहीं खरीदने और लोकल मार्केट से सामान खरीदने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए 10 लाख से ज्यादा लोगों को कॉल किया जाएगा। 1 जुलाई से कॉल सेंटर के माध्यम से ये कॉल किए जाएंगे।

बता दे कि इसके पहले भी दो बार कॉल सेंटर के माध्यम से 10 लाख से ज्यादा लोगों को कॉल कर चीन-बांग्लादेश के सामान नहीं खरीदने और ऑनलाइन भी इन देशों की वस्तुएं नहीं खरीदने के लिए कॉल किए जा चुके हैं। महीनेभर पहले ही इस अभियान की शुरुआत की गई थी। इसके साथ ही 125 व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने वोकल फॉर लोकल को लेकर शपथ भी ली थी। अब आगामी त्योहारों को देखते हुए इस दोबारा तेज किया जा रहा है। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन ने करीब एक महीने पहले इस अभियान की शुरुआत की थी। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया था कि वे चीन-बांग्लादेश के कपड़ों का व्यापार नहीं करेंगे। इसके बाद व्यापारियों ने इन कपड़ों की होली भी जलाई थी। इस अभियान की शुरुआत के तीसरे दिन से कॉल सेंटर के माध्यम से लोगों को कॉल किए जा रहे थे।

# किसानों को उन्नत किस्म के बीज और मानक स्तर का खाद मिले : कलेक्टर श्री सिंह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर जिले में खरीफ मौसम के दौरान बोवनी का कार्य तेजी से जारी है। किसानों को समय पर खाद, बीज सहित अन्य कृषि साधन उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज यहां कृषि और इससे जुड़े विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर कृषि कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री सी.एल. केवड़ा, कृषि तकनीकी प्रबंध संस्थान की परियोजना संचालक श्रीमती सर्ली थामस सहित उद्यान, मण्डी बोर्ड, पशुपालन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि इंदौर जिले में 2 लाख 52 हजार हेक्टेयर में बोवनी का लक्ष्य था, जिसमें से 2 लाख 27 हजार हेक्टेयर में बोवनी हो चुकी है, जो कुल बोवनी का लगभग 90 प्रतिशत है। इसमें सर्वाधिक प्रतिशत सोयाबीन का है। सोयाबीन की बोवनी 2 लाख 14 हजार हेक्टेयर में होनी थी, जिसमें से 2 लाख 10 हजार हेक्टेयर में हो चुकी है। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने लक्ष्मीबाई नगर कृषि मण्डी को आदर्श मण्डी बनाने के लिये प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि किसानों को उन्नत किस्म के बीज मिले और मानक स्तर का खाद मिले, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिले में अमानक खाद की बिक्री नहीं हो इसका ध्यान रखा जाये। पशुपालकों को उन्नत किस्म के पशु उपलब्ध कराये जाये, ताकि दूध उत्पादन में बढ़ोत्तरी हो सके। साथ ही मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये मत्स्य पालकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाये। बैठक में अधिकारियों ने अपने विचार रखे।

# सड़कों के गड्ढे भी कर रहे ट्रैफिक जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर-देवास बाइपास पर हुए ट्रैफिक जाम का हल्ला प्रदेश की राजधानी भोपाल तक मचा, लेकिन इंदौर की सड़कों पर भी रोज हजारों वाहन गुत्थम-गुत्था होते है। बारिश के दिनों में सड़कों पर हुए गड्ढों के कारण वाहन चालक उनसे बचते हुए निकल रहे है और यातायात बाधित हो रहा है।**



नगर निगम ने पेचवर्क के टेंडर जारी किए है, लेकिन बारिश में पेचवर्क नहीं हो सकता है। इसके चलते वर्षाकाल तक अगस्त माह तक इंदौरवासियों को गड्ढों से दो-चार होना पड़ेगा। तीन हजार किलोमीटर से ज्यादा लंबाई की सड़कें और गलियां है। ज्यादातर सड़कों पर जलजमाव की समस्या है। इस कारण वहां गड्ढे हो जाते है। इसके अलावा जहां सड़क व अन्य निर्माण हो रहे है। वहां भी वाहन चालकों को गुजरने में परेशानी हो रही है। खातीवाला टैंक, बाणगंगा, भागीरथपुरा, खजराना सहित कई मार्गों की सड़कों पर गड्ढे हो चुके है। स्कीम-नंबर 134 की गलियों में बाइपास के एमआर-10 जंक्शन के ट्रैफिक को डाइवर्ट किया गया है। वहां भी सड़कें उखड़ चुकी है और दिन में कई बार ट्रैफिक जाम होता है। मच्छी बाजार क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क के कारण भी लोगों को परेशानी हो रही है। खजराना मंदिर पहुंच मार्ग की सर्विस रोड का निर्माण बारिश से पहले होना था, लेकिन अभी तक सड़क नहीं बनी। इस कारण वहां मेट्रो ट्रेन के पिलर बनाने का काम भी शुरू नहीं हो पा रहा है। खजराना मुख्य मार्ग पर वैसे ही ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है। मंदिर जाने वाले यात्रियों के वाहन भी उस मार्ग से गुजर रहे है। नगर निगम जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने कहा कि मौसम खुलने के बाद सड़कों के पेचवर्क का काम शुरु किया जाएगा।

# जहरीले यूका कचरे का मिट गया नामोनिशान

## चार माह में 337 टन कचरा जलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भोपाल से लाए गए यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का इंदौर के समीप पीथमपुर में निपटान हो गया है। करीब चार माह में 337 टन कचरे को भस्मक में जलाया जा चुका है। अब जो राख बची है, उसे भी वैज्ञानिक विधि से दफनाया जाएगा।**

कचरे को जलाने के दौरान किसी भी तरह की हानिकारक गैसें तय मानकों से ज्यादा मात्रा में वातावरण में नहीं फैलीं। अब प्रदूषण विभाग इसकी रिपोर्ट हाईकोर्ट में प्रस्तुत करेगा। जहरीले कचरे को चूने के साथ जलाया गया। 337 टन कचरा जलाने के बाद 750 टन राख बची है। इसे विशेष बैग में भरा गया है। उसे लीक प्रफू स्टोरेज शेड में रखा गया है। उसके लिए जमीन से डेढ़ मीटर ऊंचाई पर एक प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। अभी बारिश का समय है। राख को चार माह बाद लैंडफील किया जाएगा। लैंडफील भी कंपनी परिसर में ही बनाया गया है। इस प्लांट में 10 साल पहले भी 10 टन कचरे को लैंडफील किया जा चुका है। उसके कारण तारापुर गांव के नाले और कुएं का पानी काला पड़ गया था। भोपाल से पीथमपुर तक इसी साल 2 जनवरी को 12 कंटेनरों में भरकर यह कचरा लाया गया था। 3 जनवरी को पीथमपुर में इसका भारी विरोध हुआ था। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने पहले 30 टन कचरा जलाने का ट्रायल रन करने को कहा था। 30 टन कचरा जलाने के बाद रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। इसके बाद 5 मई से बचा 307 टन कचरा जलाने का काम शुरू किया गया। इसके लिए कोर्ट ने 70 दिन का समय दिया था, लेकिन 55 दिन में ही कंपनी ने जहरीले कचरे का नामो-निशान मिटा दिया। रामकी कंपनी को भोपाल की भयंकर गैस त्रासदी की जिम्मेदार यूनियन काबाईड के इस जहरीले कचरा के निपटान के लिए केंद्र सरकार ने 126 करोड़ रुपये दिए हैं।



## महिला से छेड़छाड़, जबरन शादी का दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक महिला से छेड़छाड़ और शादी करने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक पीड़िता के घर में घुसा और उसे धमकाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने आत्महत्या और महिला के परिवार को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 35 वर्षीय महिला ने शिकायत में बताया कि रविवार रात वह घर पर खाना बना रही थी, तभी आरोपी लखन मौर्य जबरदस्ती घर में घुस आया। उसने महिला का मोबाइल फोन छीन लिया और जबरन उसका हाथ पकड़ते हुए शादी का दबाव बनाने लगा। उसने धमकी दी कि अगर उससे शादी नहीं की तो जहर खाकर जान दे देगा और महिला के परिवार को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में फंसा देगा।

## जिले में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लवकुश चौराहा इन्दौर से उज्जैन तक निर्माणाधीन सड़क के दोनों ओर लगाए जाएंगे एक लाख पेड़ : मंत्री श्री सिलावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की ऐतिहासिक कदम को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के संकल्प को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पूरा किया जायेगा। इसके लिए इन्दौर-उज्जैन 6 लेन 46 किलोमीटर सड़क मार्ग के दोनों ओर एक लाख से अधिक पेड़ लगाये जायेंगे।

यह पेड़ सड़क की खाली भूमि, जल स्त्रोत के पास, नदी-नाले के पास, सार्वजनिक स्थान, ग्रीन बेल्ट, विभिन्न ग्राम पंचायतों के मुख्य मार्गो पर सड़क किनारे लगाये जाये। यह अभियान न केवल पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में सार्थक पहल रहेगा बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ्य और हरा-भरा वातावरण में भी सहयोग करेगा। मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि यह धरती हमारी मां है और इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं है। एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है, जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार है और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है। इसी भाव को जीवित रखने के लिए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत इन्दौर-उज्जैन 6 लेन 46 किलोमीटर सड़क मार्ग के दोनों ओर एक लाख से अधिक पेड़ लगाये जायेंगे।

# रमेश मेंदोला 5वीं बार बने एमपी ओलंपिक संघ के अध्यक्ष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विधानसभा-2 से विधायक रमेश मेंदोला 5वीं बार एमपी ओलंपिक संघ के अध्यक्ष बने है। मेंदोला की ताजपोशी निर्विरोध लगातार पांचवी बार हुई है। वहीं इंदौर के पूर्व विधायक जीतू जिराती को फिर से कोषाध्यक्ष चुना गया हैं। जबलपुर में हुई मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के नामों पर मुहर लगी हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब एमपी ओलंपिक संघ के संरक्षक होंगे। वह पूर्व में उपाध्यक्ष का पद संभाल रहे थे।**




एमपी ओलंपिक संघ की वार्षिक सामान्य सभा जबलपुर में सोमवार को एक निजी होटल में आयोजित की गई। इसमें सबसे पहले पिछले एजेंडे पर चर्चा हुई और इसके बाद पदाधिकारियों के नामों का ऐलान हुआ। एमपी ओलंपिक संघ की पूरी कार्यकारिणी रिपीट हुई है। इसमें कोई खास बदलाव नहीं किए गए हैं। इसमें वर्तमान अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह सहित 29 सदस्यीय शीर्ष पदाधिकारियों के नामों पर एकराय बनी। एमपीओए की एजीएम में अगले चार सालों के लिए शीर्ष पदों के लिए सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के नामों पर मुहर लगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की ओर से पर्यवेक्षक नामदेव एस. श्रीगांवकर और चुनाव अधिकारी एचपी सिंह (सेवानिवृत न्यायाधीश मप्र हाईकोट) की मौजूदगी में चुनावी बैठक आयोजित की गई। इसमें करीब 33 मप्र राज्य खेल संघों और 14 जिला ओलंपिक संघ के 80 से अधिक पदाधिकारी उपस्थित थे। चुनावी बैठक में एमपीओए के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष सहित 29 पदाधिकारी नाम फाइनल हुए। इनमें 9 उपाध्यक्ष, 6 संयुक्त सचिव व अन्य कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं।

## सिल्वर सखी ने मैंगो पार्टी में मचाई धूम

# मैंगो थीम पर बच्चों ने अपनी मासूमियत और रंगीनियत का जादू बिखेरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गरबा ग्राउंड में रविवार को महिला समूह 'सिल्वर सखी' ने एक रंगीन और स्वादिष्ट आयोजन 'मैंगो पार्टी - सखियों के संग' का सफल आयोजन किया। सुनहरे रंगों में सजी सखियों ने आम के इस त्योहार को मिठास और अपनत्व के साथ मनाया, जो न केवल स्वादों की बहार लेकर आया बल्कि सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक उत्साह को भी नई ऊँचाइयों पर ले गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक ग्रीन और येलो रंग की साड़ियों और ड्रेस में सखियों के स्वागत से हुई, जिनकी मुस्कान और जोश ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। बच्चों ने भी मैंगो थीम पर आधारित पोशाकों में अपनी मासूमियत और रंगीनियत का जादू बिखेरा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम के त्योहार को साझा करना और महिलाओं के बीच आपसी प्रेम और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करना था, जो पूरी तरह से सफल रहा।

### स्वादों का जादू और रचनात्मकता की झलक

सखियों ने अपने घरों से लाए गए आम के विविध व्यंजनों जैसे आम का पना, आमरस, आम की चटनी, मैंगो हलवा, आम की कुल्फी और कच्चे आम के व्यंजन प्रस्तुत किए, जिनका स्वाद सभी ने चखकर तारीफ की। इस स्वाद पर्व का एक रोमांचक हिस्सा था मैंगो मास्टर सेफ प्रतियोगिता, जिसमें सर्वश्रेष्ठ मैंगो डिश बनाने वाली सखी को सम्मानित किया गया, जिससे आयोजन में प्रतिस्पर्धा और उत्साह का माहौल बना रहा।



### मुख्य आकर्षण और सांस्कृतिक रंग

कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के लिए बेस्ट ड्रेस प्रतियोगिता ने रंगीन उत्सव को और भी जीवंत बना दिया। तम्बोला और पारंपरिक खेलों ने सभी को जोड़ने का काम किया। 'सेल्फी विथ मैंगो ट्री' प्रतियोगिता और मैंगो क्विज़ ने जानकारी और मनोरंजन का बेहतरीन संगम पेश किया। सांस्कृतिक झलक के तहत पारंपरिक गीत और नृत्य ने सखियों के उत्साह को चार चांद लगा दिए।

इस आयोजन का नेतृत्व राजनी खेतान, नीतू मित्तल और शारदा उपाध्याय ने किया, जिन्होंने सिल्वर सखी टीम के साथ मिलकर महिलाओं के सशक्तिकरण, सांस्कृतिक संरक्षण और रचनात्मकता को मंच प्रदान किया। इस आयोजन ने न केवल आम के प्रति प्रेम को बढ़ावा दिया बल्कि महिलाओं के बीच सामाजिक मेलजोल और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को भी मजबूती दी।

इस तरह 'मैंगो पार्टी – सखियों के संग' ने इंदौर में एक यादगार शाम बनाई, जहां सुनहरे रंगों और मिठास भरी जुबान में आम की खासियत को बखूबी पेश किया गया। यह आयोजन महिलाओं की सृजनात्मकता और सामूहिक ऊर्जा का जश्न था, जो आने वाले वर्षों में भी इसी तरह उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

# चार जुलाई को मनेगा बाबा बागेश्वर का जन्मोत्सव, देश-दुनिया से आएंगे शिष्य, होगी हनुमंत कथा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर , एजेंसी।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री अपनी लंबी विदेश यात्रा को पूरा कर इन दिनों मुंबई के बागेश्वर बालाजी मठ में स्थित हैं। वे यहां प्रतिदिन महाराष्ट्र और आसपास के प्रदेशों से आने वाले भक्तों से मिल रहे हैं। लगभग तीन दिनों तक मुंबई में रहने के बाद बागेश्वर महाराज अब अपने मध्यप्रदेश स्थित बागेश्वर बालाजी धाम पहुंचने वाले हैं। छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम पर बागेश्वर महाराज पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री 1 जुलाई से 3 जुलाई तक बालाजी का दिव्य दरबार लगाएंगे। 4 जुलाई को बागेश्वर महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लगभग 1 महीने के बाद महाराजश्री बागेश्वर धाम पहुंच रहे हैं। उनके पहुंचने के पहले ही यहां देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। चूंकि बागेश्वर महाराज को 1 जुलाई से 12 जुलाई तक धाम पर ही रहना है, इसलिए देश और दुनिया में रहने वाले उनके लाखों भक्त यहां पहुंच सकते हैं। बागेश्वर धाम पर आयोजित होने वाले इस 12 दिवसीय महोत्सव के शुरुआती तीन दिनों में बागेश्वर महाराज यहां बालाजी का दिव्य दरबार भी लगाएंगे। बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक वे 1 जुलाई से 3 जुलाई तक प्रतिदिन शाम के समय बालाजी का दिव्य दरबार लगाकर लोगों की मनोकामनाओं की अर्जियां कागज पर दर्ज करेंगे। उनके इस दरबार में लाखों लोगों के पहुंचने की उम्मीद है इसलिए प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# 100 करोड़ से अधिक की बेशकीमती जमीन को हारा प्रशासन

## पुनर्विचार याचिका को आधारहीन बताकर किया खारिज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर में 100 करोड़ रुपए से अधिक की बेशकीमती मंदिर की जमीन को राज्य शासन हाईकोर्ट में हार गया है। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने एक अहम फैसले में राज्य सरकार द्वारा दायर समीक्षा याचिका को आधारहीन बताते हुए खारिज कर दिया है।

ग्वालियर के बहोड़ापुर स्थित जगनापुरा में रामजानकी राधाकृष्ण मंदिर की 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की बेशकीमती 19.10 बीघा जमीन मामले में राज्य शासन को हाईकोर्ट में करारी हार मिली है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश एनके मोदी के पक्ष में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए राज्य शासन की पुनर्विचार करने की मांग को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि राज्य शासन व सरकारी अधिवक्ता ने समीक्षा का कोई ऐसा आधार नहीं बताया जिसको ध्यान में रखते हुए आदेश वापस लिया जा सके, इसीलिए न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश की समीक्षा करने का कोई कारण नजर नहीं आता है। जगनापुरा जमीन मामले में कोर्ट




ने यह भी कहा कि अभिलेख में कोई कमी दिखाई नहीं देती है। जबकि इस मामले में राज्य शासन की ओर से तर्क दिया गया है कि रिट न्यायालय के समक्ष उत्तर दाखिल करने का कोई अवसर दिए बिना ही न्यायालय ने आदेश दिया है, जो अवैध है। इस पर कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अंतिम आक्षेपित आदेश में किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। इस याचिका की सुनवाई न्यायाधीश मिलिंद रमेश फड़के द्वारा की गई है।

बता दें कि ग्वालियर शहर के बहोड़ापुर स्थित जगनापुरा के सर्वे क्रमांक 183, 187, 482, 487, 492, 494, 498, 503, 524 की भूमि रामजानकी राधाकृष्ण मंदिर के नाम से थी। 27 जून 1966 को एक आदेश के बाद यह भूमि नियमित भूस्वामी के नाम से दर्ज की गई। इस भूमि को लेकर तत्कालीन संभागायुक्त दीपक सिंह ने ग्वालियर कलेक्टर को पत्र लिखा। इसमें यह जमीन फिर से माफी औकाफ यानी मंदिर के नाम करने का आदेश दिया गया, लेकिन दीपक सिंह के आदेश को सेवानिवृत्त हाईकोर्ट जज एनके मोदी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी।

हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए दीपक सिंह का आदेश निरस्त कर दिया। इस याचिका की जब सुनवाई की गई थी तब शासकीय अधिवक्ता ने जवाब पेश करने के लिए समय नहीं मांगा। इस कारण आदेश शासन को बिना सुने फैसला हो गया। शासन ने अपने पक्ष रखने के लिए पुनर्विचार याचिका दायर की, जिसके बाद न्यायालय ने कहा कि अंतिम आदेश पारित करते समय राज्य की ओर से उपस्थित सरकारी अधिवक्ता ने दलीलों का जोरदार तरीके से उत्तर दिया था और उन्होंने उत्तर दाखिल करने के लिए समय नहीं मांगा था, जो यह दर्शाता है कि उस समय राज्य शासन को उत्तर दाखिल करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। इसीलिए न्यायालय द्वारा जो आदेश दिए गए हैं उनमें किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। इसलिए पुनर्विचार याचिका को खारिज किया जाता है।

# युवक ने की लिव-इन पार्टनर युवती की हत्या, तीसरे दिन घर में मिली लाश, आरोपी गिरफ्तार



**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी भोपाल के बजरिया थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। एक युवक के घर में युवती की तीन दिन पुरानी लाश मिली है। जिस युवक के घर में लाश मिली है, वह युवती का प्रेमी और लिव-इन पार्टनर बताया जा रहा है। युवती उसके साथ लिव-इन में रह रही थी। युवक ने अपनी प्रेमिका की हत्या के बाद लाश को चादर में लपेट कर फरार हो गया था। हत्याकांड का पता सोमवार रात चला। पुलिस मर्ग कायम कर घेराबंदी कर देर रात मृतका के लिव-इन पार्टनर सचिन राजपूत को भी हिरासत में ले लिया। बजरिया पुलिस के अनुसार सचिन राजपूत बजरिया थाना क्षेत्र के गायत्री नगर, करारिया फॉर्म स्थित मकान नंबर 34 में रहता है। ऋतिका सेन नाम की युवती से उसका कुछ वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि वारदात के वक्त वह नशे की हालत में था। सचिन राजपूत का किसी बात को लेकर अपनी प्रेमिका ऋतिका सेन के साथ कहासुनी हुई। इसके बाद सचिन राजपूत ने ऋतिका सेन की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी ने उसकी लाश को चादर से लपेट कर मौके से फरार हो गया। घटना शनिवार रात की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार सचिन राजपूत नशे की हालत से जब बाहर आया तो उसने अपने एक दोस्त को ऋतिका की हत्या कर लाश को घर में रखने की जानकारी दी। दोस्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत बजरिया थाना पुलिस को हत्या की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश का पंचनामा कराने के बाद मर्चुरी रूम में रखवा दिया। साथ ही घेराबंदी कर हत्या के आरोपी लिव-इन पार्टनर सचिन राजपूत को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दोनों कुछ माह पूर्व ही लिव इन में आए थे। हत्याकांड के पीछे की वजह तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# पेड़ से टकराई एंबुलेंसमां-नवजात समेत 4 मृत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** यहां एक प्राइवेट एंबुलेंस बेकाबू होकर आम के पेड़ से टकरा गई। टक्कर के बाद वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में नवजात, उसकी मां समेत एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। घटना पिपरिया रोड पर सोमवार शाम को हुई। अंजलि पति अजय राजपूत की रविवार को पिपरिया में डिलीवरी हुई थी। उसने बेटे को जन्म दिया था। सोमवार को एंबुलेंस से वह अपने गांव सर्रा किशोर लौट रही थी। गाड़ी में अंजलि राजपूत, उसका नवजात बेटा और परिवार की दो महिलाएं आशा पति हीरालाल राजपूत (42) और रानू पति बलराम राजपूत (25) साथ में थीं। बताया जा रहा है कि बारिश के चलते गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। पिपरिया मंगलवारा थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि नवजात समेत दो महिलाओं की मौत मौके पर हो गई थी। नवजात की मां ने अस्पताल में दम तोड़ा।

# उज्जैन में रविवार को खुलेंगे स्कूल, सोमवार छुट्टी

## सावन में महाकाल की सवारी के चलते फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में 14 जुलाई से 11 अगस्त तक पहली से 12वीं तक के स्कूल रविवार को भी लगेंगे, जबकि सोमवार को अवकाश रहेगा। श्रावण महीने में भगवान महाकाल की निकलने वाली सवारी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। दरअसल, सवारी में भीड़ को देखते हुए कई रास्ते बंद कर दिए जाते हैं।**

11 जुलाई से श्रावण का महीना शुरू हो रहा है। इस बार कुल छह सवारियां महाकाल मंदिर से निकलेंगी। पहली सवारी 14 जुलाई को रहेगी। सवारी वाले दिन सभी निजी और शासकीय स्कूलों की छुट्टी रहेगी। जबकि रविवार को स्कूल लगेंगे। हर साल बाबा महाकाल की सवारी वाले दिन बड़ी संख्या में भक्त उज्जैन पहुंचते है। ऐसे में स्कूलों की बस भीड़ में फंस जाती है और बच्चे और श्रद्धालु परेशान होते है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने फैसला किया है कि मंदिर से निकलने वाली 5 सवारी के दिन स्कूलों का अवकाश रहेगा। इसकी जगह एक दिन पहले रविवार को स्कूल लगेंगे। उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह हम व्यवस्था करेंगे। इसमें भक्तों और स्कूल के बच्चों को कोई परेशानी नहीं होगी। इसको लेकर जल्द ही शिक्षा विभाग अलग से ऑर्डर जारी करेगा। जिसमें उज्जैन नगर निगम क्षेत्र के सभी निजी और सरकारी स्कूलों पर निर्णय लागू होगा। महाकाल की पहली सवारी 14 जुलाई, द्वितीय सवारी 21 जुलाई, तृतीय सवारी 28 जुलाई, चतुर्थ सवारी 4 अगस्त को श्रावण मास में निकाली जाएगी। इसी तरह भादौ मास में पंचम सवारी 11 अगस्त को रहेगी। इन 5 सोमवार को स्कूलों की छुट्टी रहेगी। इससे एक दीन पहले रविवार को स्कूल खुलेंगे। हालांकि राजसी सवारी सोमवार 18 अगस्त को निकलेगी इस दिन स्थानीय अवकाश रहेगा। इसलिए रविवार को स्कूल नहीं लगाने पड़ेंगे।

# स्कूली छात्रों को मिलेगी फ्री साइकिलें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से इस साल से छात्रों को साइकिल मिलेगी, बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से इसके निर्देश जारी हो चुके हैं। जहां गांव में 6वीं और 9वीं में पढ़ने वाले छात्रों को साइकिल दी जाएगी।**

हालांकि इन कक्षाओं में जिन्होंने दोबारा से प्रवेश लिया है, उन्हें यह सुविधा नहीं दी जाएगी। बताया जा रहा है कि साइकिल की पात्रता 2 किलोमीटर से दूर होने पर ही दी जाएगी, यानि जिनका स्कूल 2 किलोमीटर दूर होगा उन्हें सरकार की तरफ से साइकिल दी जाएगी, ताकि छात्रों को स्कूल आने जाने में परेशानियों का सामना न करना पड़े। बताया जा रहा है कि साइकिल वितरण को लेकर स्कूल



शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों में दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उन स्कूली छात्रों को साइकिल दी जाएगी जो अपने गांव से किसी दूसरे गांव या फिर शहर में पढ़ाई के लिए आते हैं। उन सभी को शासन की तरफ से साइकिलें दी जाएगी। हालांकि जो इन क्लासों में फिर से एंट्री ले रहे हैं उन छात्रों को योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।

बता दें कि ग्रामीण क्षेत्र में कई स्कूलों की दूरी 2 किलोमीटर से ज्यादा की होती है, ऐसे में इन छात्रों को साइकिलों की सुविधा दी जाती है। एमपी सरकार में पहले भी यह योजना थी। खास बात यह है कि 6वीं के छात्रों को 18 इंच और 9वीं के छात्रों को 20 इंच की साइकिलें दी जाएगी। फ्री में साइकिल दिए जाने की योजना की पूरी जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग के 3.0 पोर्टल पर भी जारी की गई है, जहां कोई भी छात्र या उनके परिजन इसकी जानकारी ले सकते हैं। बताया जा रहा है कि फ्री में साइकिल दिए जाने की योजना की पूरी जानकारी सभी जिलों में कलेक्टरों, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा केंद्र समन्वयक को भेजी गई है, जबकि इनकी तरफ से यह जानकारी स्कूलों में भेज दी गई है।

# संपादकीय


## तुर्की S-400 एयर डिफेंस पाकिस्तान को बेचेगा ?

तुर्की भारत के दुश्मन को S-400 एयर डिफेंस बेच सकता है। वही एयर डिफेंस सिस्टम, जिसने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध के दौरान अपना जलवा दिखाया था। भूमध्य सागर से लेकर काकेशस और दक्षिण एशिया तक भारत और तुर्की के बीच जोर आजमाइश चल रही है। दोनों ही देश एक दूसरे के विरोधियों के साथ समझौते कर रहे हैं, सैन्य सहयोग बढ़ा रहे हैं। हालिया भारत-पाकिस्तान युद्ध, आर्मेनिया-अजरबैजान संघर्ष, और मध्य-पूर्व में ईरान-इजरायल के बीच 12 दिनों तक चले युद्ध ने साफ कर दिया है, कि दुनिया तेजी से ध्रुवीकृत हो रही है और भारत और तुर्की एक दूसरे के खिलाफ खड़े हो चुके हैं। भारत के खिलाफ तुर्की ने जब पाकिस्तान का साथ दिया तो भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी साइप्रस का दौरा करके तुर्की को उसी की भाषा में जवाब दिया है। इसके अलावा भारतीय वायुसेना के प्रमुख अमर प्रीत सिंह ने ग्रीस का दौरा कर सैन्य संबंधों के एक नये दरवाजे को खोल दिया है। लेकिन अब ताजा रिपोर्ट्स से पता चल रहा है कि तुर्की, अमेरिका से एफ-35 फिफ्थ जेनरेशन लड़ाकू विमान खरीदने के लिए रूसी S-400 एयर डिफेंस से पल्ला झाड़ सकता है। जबकि भारत का विश्वास ना सिर्फ एस-400 को लेकर और ज्यादा बढ़ गया है, बल्कि कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि भारत, रूस से एस-500 एयर डिफेंस सिस्टम तक खरीदने के लिए बातचीत शुरू कर चुका है। पिछले हफ्ते हेग में हुए नाटो शिखर सम्मेलन में तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक साथ देखा गया था। और अब यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान दो महत्वपूर्ण घटनाएं हुईं हैं। पहला ये कि तुर्की ने अपनी मल्टी-लेयर एयर डिफेंस सिस्टम के विस्तार की घोषणा की, जिसे 'स्टील डोम' के नाम से जाना जाता है। दूसरी बात ये कि तुर्की ने F-35 ज्वाइंट स्ट्राइक फाइटर (JSF) कार्यक्रम में फिर से शामिल होने की अपनी इच्छा जताई है। JSF, वही प्रोग्राम है, जिससे एस-400 खरीदने की वजह से अमेरिका ने तुर्की को बाहर कर दिया था और उसके ऊपर CAATSA के तहत प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन अब अमेरिका ने प्रोग्राम में शामिल होने पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। यानि तुर्की के लिए एफ-35 खरीदने के दरवाजे खुल गये हैं। नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन से लौटने पर विमान में पत्रकारों से बात करते हुए तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने एयर डिफेंस सिस्टम के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि 'स्टील डोम' सिर्फ एक प्रणाली नहीं है, बल्कि एक मल्टी लेयर सिस्टम है, जो मिसाइल खतरों के खिलाफ प्रभावी रक्षा प्रदान करेगी। तुर्की अभी स्टील डोम सिस्टम पर काम कर रहा है और कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कुछ सालों में ये सिस्टम पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। यूरेशियन टाइम्स की पिछले साल की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि तुर्की ने अत्याधुनिक, घरेलू स्तर पर विकसित मल्टी लेयर एयर डिफेंस प्रोजेक्ट बनाने की घोषणा की है, जिसे 'स्टील डोम' नाम दिया गया है। 'स्टील डोम' सिर्फ एक सिस्टम नहीं है, बल्कि 'सिस्टम्स की एक प्रणाली' है, जिसमें तुर्की की रक्षा दिग्गज कंपनियों जैसे कि एसेलसन, रोकेटसन और एमकेई डेवलप कर रहे हैं। यह सेंसर, कम्युनिकेशन मॉड्यूल, कमांड और कंट्रोल स्टेशन और एआई-ऑपरेटेड फैसले लेने वाले उपकरणों को मिलाकर हवाई खतरों के खिलाफ एक व्यापक ढाल बनाता है। इसमें चार अलग अलग डिफेंस सिस्टम होंगे। लेकिन यहां सबसे दिलचस्प बात ये है कि इसमें रूसी S-400 एयर डिफेंस सिस्टम शामिल नहीं किया जाएगा, जिसे तुर्की ने अमेरिका को नाराज कर रूस से खरीदा था। तुर्की ने रूस से 2017 में 2.5 अरब डॉलर में दो स्क्वाड्रन S-400 मिसाइल सिस्टम खरीदे थे। इस खरीद पर अमेरिका और NATO ने आपत्ति जताई थी और तुर्की को F-35 फाइटर जेट प्रोग्राम से बाहर कर दिया गया था। अब, तुर्की इस सिस्टम को दरकिनार कर पश्चिमी देशों को संकेत दे रहा है कि वो एक बार फिर NATO के साथ खड़ा होना चाहता है। BBC तुर्की को दिए एक इंटरव्यू में डिफेंस एक्सपर्ट सिनान एलगिन ने कहा कि 'S-400 प्रणाली को घरेलू रक्षा नेटवर्क से जोड़ना ना सिर्फ तकनीकी रूप से मुश्किल है, बल्कि रणनीतिक रूप से भी जोखिमभरा है।'

### अर्ज़ किया है..!

*एक मैं हूँ और दस्तक*
*कितने दरवाज़ों पे दूँ*
*कितनी दहलीज़ों पे*
*सज्दा एक पेशानी करे*

महताब हैदर नक़वी




## Health is Wealth

# मानसून में स्किन से जुड़ी दिक्कत से छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये टिप्स, देखें कारगर रेमेडीज

मानसून में तेज धूप से तो राहत मिल जाती है, लेकिन ह्यूमिडिटी की वजह से स्किन को कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस मौसम के आते ही त्वचा में चिपचिपाहट, ऑयली स्किन, बालों का झड़ना, फंगल इंफेक्शन जैसी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में मौसम के साथ स्किन केयर रूटीन में भी बदलाव करना जरूरी है। आइए जानते हैं मानसून में स्किन से जुड़ी दिक्कतों से छुटकारा पाने के टिप्स और कुछ कारगर रेमेडीज।



### मानसून के लिए स्किन केयर टिप्स

1) **स्किन रोजाना करें साफ-** स्किन से एक्स्ट्रा तेल और गंदगी को हटाने के लिए हल्के क्लींजर का इस्तेमाल करें।
2) **एक्सफोलिएट करें-** डेड स्किन सेल्स को हटाने और बंद रोमछिद्रों को रोकने के लिए हफ्ते में 2-3 बार एक्सफोलिएट करें।
3) **हल्का मॉइस्चराइजर लगाएं-** स्किन को चिपचिपा बनाए बिना नमी बनाए रखने के लिए हल्के, पानी आधारित मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें।
4) **सनस्क्रीन न करें मिस-** मानसून सीजन में भी यूवी किरणें आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं, इसलिए रोजाना सनस्क्रीन लगाएं।
5) **टोनर यूज करें-** अपनी त्वचा के पीएच लेवल को संतुलित करने और रोमछिद्रों को कम करने के लिए टोनर का इस्तेमाल करें।
6) **बारिश से बचें-** अगर आप बारिश में भीग जाते हैं तो अपनी स्किन को अच्छी तरह से साफ करें और उसे थपथपाकर सुखाएं।

### मानसून के लिए होम रेमेडीज

**खीरा लगाएं-** खीरा स्किन को नमी देने में मदद करता है। इस मौसम में स्किन को आराम पहुंचाने के लिए खीरा बेस्ट है। ये सूजन को भी कम करता है।

**घर का बना स्क्रब-** शहद और ओट्स को मिलाकर एक स्क्रब बनाएं, ये स्किन को एक्सफोलिएट और मॉइस्चराइज करता है।

**एलोवेरा जेल लगाएं-** स्किन को आराम और नमी देने के लिए ताजा एलोवेरा जेल स्किन पर लगाएं। इसकी मदद से आप फेस पैक भी तैयार कर सकते हैं। अगर चेहरा पर सूजन दिखती है तो एलोवेरा की बर्फ जमाएं और फिर इस बर्फ को चेहरे पर लगाएं।

New Delhi

# ट्रेन टिकट से लेकर एलपीजी गैस की कीमतों तक.., आज से लागू हो रहे ये बदलाव, जेब पर पड़ेगा सीधा असर

**मुंबई/नई दिल्ली, (एजेंसी)** हर महीने की पहली तारीख से कई नियमों में बदलाव होता है। आज जुलाई माह की पहली तारीख से भी ऐसे ही कई नियमों में हुआ बदलाव लागू होगा। इनमें क्रेडिट कार्ड, एटीएम निकासी जैसे शुल्क से लेकर रेलवे के किराये में बढ़ोतरी तक कई नियम शामिल हैं, जिनमें बदलाव हुए हैं। आइये जानते हैं ऐसे नियमों के बारे में जो आपकी जेब पर असर डालेंगे... हर महीना नए बदलावों को लेकर आता है। इसी क्रम में आज यानी एक जुलाई से भी कुछ ऐसे नियमों में बदलाव हो रहा है जिनका आप पर सीधे असर पड़ सकता है। इन बदलावों में एटीएम से सीमा से ज्यादा निकासी पर लगने वाला चार्ज, क्रेडिट कार्ड पर लगने वाला शुल्क, रेलवे से तत्काल टिकट बुकिंग और रेलवे किराए में फेरबदल आदि शामिल हैं। आज से जहां लंबी दूरी के रेलवे टिकट महंगे होंगे, वहीं आयकर रिटर्न भरने की तारीख भी बढ़ा दी गई है। ऐसे में आपको समय रहते ही इन नियमों के बारे में जान लेना चाहिए। ट्रेनों में नॉन एसी और एसी क्लास दोनों के ही टिकट के दाम बढ़ जाएंगे। नॉन एसी के टिकट के दाम प्रति किलोमीटर एक पैसे व एसी क्लास के दो पैसे बढ़ाए गए हैं। वृद्धि 1,000 किमी से ज्यादा दूरी पर लागू होगी। द्वितीय श्रेणी में 500 किमी तक यात्रा के लिए कीमतों में बदलाव नहीं होगा। यात्रा 500 किमी से अधिक है तो प्रति किमी 0.5 पैसा अतिरिक्त देना होगा। अब तत्काल टिकट सिर्फ उन्हीं यात्रियों को मिलेगा, जिनका आईआरसीटीसी अकाउंट आधार से लिंक है। जुलाई से ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण जरूरी होगा, जो आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर आएगा। रेलवे एजेंट तत्काल बुकिंग शुरू होने के पहले 30 मिनट तक टिकट नहीं बुक कर पाएंगे। पैन कार्ड के लिए आवेदन करने पर अब आधार कार्ड अनिवार्य होगा। आधार नहीं है, तो पैन कार्ड नहीं बनवा सकेंगे। जिनके पास पहले से पैन कार्ड है, उन्हें भी 31 दिसंबर, 2025 तक पैन को आधार से लिंक कराना होगा।

Uttarpradesh

## लड़की ने जाति छिपाकर मंदिर में लिए सात फेरे, खुला राज तो 18 घंटे में ही टूट गई शादी



**झांसी, (एजेंसी)** यूपी के झांसी से हैरान करने वाला मामला सामने आया. यहां एक दूल्हा-दुल्हन 18 घंटे में ही अलग-अलग हो गए क्योंकि आरोप है कि लड़की वालों ने जाति छिपाकर शादी की है. जब इसकी जानकारी लड़के और उसके परिजनों को हुई तो उन्होंने लड़की को अपनाने से इनकार कर दिया. मामला थाने में पहुंचा जहां आपसी रजामंदी के बाद दोनों अलग हो गए. यह पूरा मामला रक्सा क्षेत्र के बसाई गांव निवासी सगुन और उनके 28 वर्षीय बेटे धर्मेंद्र से जुड़ा है. सगुन लंबे समय से अपने बेटे की शादी के लिए लड़की की तलाश कर रहे थे. इसी दौरान गांव के एक युवक ने बताया कि मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के करैरा कस्बे में एक लड़की है, जिसका भाई उसकी शादी करवाना चाहता है. लड़की के भाई ने खुद को उसी जाति का बताते हुए शादी के लिए हामी भर दी. उसने विवाह के एवज में 50 हजार रुपये की मांग रखी. सगुन ने विश्वास जताते हुए उसे 20 हजार रुपये एडवांस भी दे दिए. बात आगे बढ़ी, और 27 जून को शादी की तारीख तय कर दी गई. शादी झांसी के प्रसिद्ध बड़ी माता मंदिर में करवाई गई. पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार फेरे लिए गए, वर-वधू ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई. सब कुछ सामान्य प्रतीत हो रहा था, लेकिन शादी के दौरान ही लड़की का भाई शराब के नशे में धुत होकर कुछ ऐसा बोल गया जिससे पूरी सच्चाई सामने आ गई.

Goa

## कॉलेज जा रहे छात्र पर एसिड अटैक, आरोपी का दावा- 'बेटी की मौत का जिम्मदार था'

**पणजी, (एजेंसी)** गोवा के धारगल नेशनल हाईवे-66 पर सुबह करीब 7.30 बजे कॉलेज के छात्र ऋषभ (17) पर केमिकल फेंक कर हमला किया गया. इस मामले में संदिग्ध नीलेश गजानन देसाई (निवासी कलने डोडामार्ग, महाराष्ट्र) को करसवाड़ा से गिरफ्तार किया गया है. घायल युवक का गोमेको में इलाज चल रहा है और पुलिस ने अनुमान लगाया कि यह घटना प्रेम प्रसंग से जुड़ी हो सकती है. एक महीने पहले आरोपी की बेटी की अचानक मौत हो गई थी. उत्तरी गोवा के पुलिस अधीक्षक राहुल गुप्ता ने बताया, 'आरोपी नीलेश देसाई का मानना है कि उसकी बेटी की मौत के लिए ऋषभ शेट्टी जिम्मेदार है. इसीलिए उसने ऋषभ पर तेजाब से हमला किया.' उन्होंने आगे बताया कि नीलेश देसाई ने 17 साल के लड़के ऋषभ शेट्टी पर एसिड अटैक करने की बात कुबूल की है और दावा किया कि उसकी बेटी की हाल ही में हुई मौत के गम और गुस्से के कारण उसने यह कदम उठाया. देसाई को संदेह था कि उसकी बेटी की मौत में उस लड़के का हाथ है, जिसकी जांच सिंधुदुर्ग पुलिस वर्तमान में अप्राकृतिक मौत के रूप में कर रही है.

Bihar

## थाने में पुलिस ने नहीं सुनी आबरू बचाने की गुहार, बिहार में बेटी ने दे दी जान



**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** पुलिस ने आबरू बचाने की गुहार नहीं सुनी तो थाने से लौटते ही आहत नौंवी की छात्रा ने सोमवार को घर में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में पारू थाना क्षेत्र के एक गांव की है। वारदात के बाद ग्रामीणों का गुस्सा पुलिस के खिलाफ भड़क उठा और सड़क पर आग जलाकर जाम लगा दिया।इसका वीडियो वायरल होने पर सरैया एसडीपीओ चंदन कुमार ने मामले की जांच करने का आश्वासन देकर जाम हटवाया और छात्रा की मां का भी बयान दर्ज किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि आरोपित युवक छात्रा का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करता था। छात्रा की मां ने एसडीपीओ को बताया कि गांव का ही एक युवक बेटी से छेड़खानी करता था। चार माह पहले उसके परिजनों से शिकायत भी की थी। सोमवार को बेटी साइकिल से स्कूल जा रही थी। युवक ने बेटी को घेरकर जबरन बाइक पर बैठा लिया। बसैठा बाजार पर सड़क पर भीड़ के कारण उसने बाइक रोकी। बेटी के चिल्लाने पर ग्रामीणों ने युवक को पकड़ लिया। बेटी ने लोगों को आपबीती बताई तो लोगों ने युवक को मारपीट कर छोड़ दिया। इसके बाद छात्रा अपनी मां के साथ थाने गई। लेकिन, पुलिस कर्मियों ने बड़ा बाबू के नहीं होने की बात कहकर आवेदन लेकर घर जाने को कहा।

खेल

# 'दूसरे टेस्ट में उपलब्ध रहेंगे बुमराह लेकिन...', सहायक कोच ने जसप्रीत के खेलने पर दी बड़ी जानकारी

**बर्मिंघम, (एजेंसी) भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले राहत की खबर मिली है। टीम के सहायक कोच रयान टेन डस्काटे ने इस बात की पुष्टि की है कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एजबेस्टन टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे। हालांकि, टीम प्रबंधन ने उनकी उपलब्धता को लेकर अंतिम फैसला नहीं लिया है। भारत और इंग्लैंड के बीच दो जुलाई से दूसरा टेस्ट मैच शुरू होगा।**



**बुमराह की उपलब्धता चर्चा का विषय** – बुमराह की पांचों मैच में उपलब्धता चर्चा का विषय रही है क्योंकि खुद बुमराह और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इस बात की पुष्टि की थी कि बुमराह इंग्लैंड दौरे पर तीन मैच ही खेलेंगे। लेकिन जिस तरह डस्काटे ने मैच से पहले इस बात की पुष्टि की है कि बुमराह दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे, उससे भारत को राहत मिलेगी जो दूसरे टेस्ट से वापसी करने उतरेगी। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट मैच पांच विकेट से जीता था और वह सीरीज में 1-0 से आगे चल रही है।

**बुमराह का खेलना रहेगा महत्वपूर्ण** – पहले टेस्ट मैच में प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने उपयोगी प्रदर्शन नहीं किया था जिसके बाद से बुमराह का इस मैच में खेलना महत्वपूर्ण है। दूसरे टेस्ट मैच से पहले डस्काटे ने प्रेस को संबोधित किया और इस बात की पुष्टि कर दी कि बुमराह एजबेस्टन में खेलने उतरेंगे। डस्काटे ने कहा, जाहिर है कि बुमराह मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। हमें शुरुआत से ही पता है कि वह पांच में से तीन मैच ही खेलेगा। पिछले टेस्ट से लेकर अब तक उन्हें आठ दिनों का आराम मिला है, लेकिन परिस्थिति और कार्यभार को देखते हुए हमें देखना होगा कि अगले चार मैचों में हम किस तरह प्रबंध कर सकते हैं। हमने इस बारे में अभी कोई फैसला नहीं लिया है।

सिनेमा

# हेरा फेरी 3 में वापसी के लिए ऐसे राजी हुए परेश रावल, जल्द



सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रेंचाइजी में से एक 'हेरा फेरी' अब अपनी ओरिजिनल कास्ट के साथ वापसी कर रही है। फिल्म में बाबूराव का किरदार निभाने वाले एक्टर ने तीसरे पार्ट का हिस्सा बनने से मना कर दिया था। लेकिन अब उन्होंने खुद अपनी वापसी कन्फर्म की है। अब अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल के आइकॉनिक किरदारों के साथ हेरा फेरी 3 की शूटिंग होगी। लेकिन क्या आप जानते हैं परेश रावल इस फिल्म में वापसी करने के लिए क्यों और कैसे राजी हुए हैं? पिंकविला को दिए गए एक इंटरव्यू में, प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला ने बताया कि कैसे इंडस्ट्री के कई लोगों ने उन मतभेदों को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई, जिनकी वजह से प्रोजेक्ट रुका हुआ था। उन्होंने कहा, 'मेरे भाई साजिद नाडियाडवाला और अहमद खान के प्यार, सम्मान की वजह से हेरा फेरी परिवार फिर से एक साथ आ गया है। मेरे भाई साजिद ने इस मामले को सुलझाने के लिए कई दिनों तक बहुत सारा व्यक्तिगत समय और प्रयास लगाया। हमारा रिश्ता 50 साल से भी ज्यादा पुराना है।"

## Highlights

1. Expectation is that it will come down: FM Sitharaman on GST rates
2. Video shows Tejashwi Yadav ducking as drone crashes on stage
3. Shimla building collapses after evacuation, road construction blamed
4. Mangaluru job seeker loses ₹16 lakh in Facebook visa scam
5. Mangaluru man held for scamming people by pretending to sell cars

# India, EU to focus on market access in fast-tracked FTA talks

**NEW DEIHI, (Agency).**India and the European Union have fast-tracked their free trade negotiations, proposing intensive deliberations on crucial market access issues such as eliminating tariff and non-tariff barriers in the next round of talks starting July 7 in Brussels, people familiar with the matter said adding that the two sides have already agreed on nearly a fourth of the 24-chapter deal.

With only about six months left to a previously stated deadline to conclude a balanced, equitable and mutually beneficial deal, both sides are focused on core elements of the proposed free trade agreement (FTA), thee people added, requesting anonymity. Core elements include key matters such as removing tariff and non-tariff barriers on trade in goods, services trade, bilateral investment, rules of origin (ROO), sanitary and




phytosanitary (SPS) measures, and technical barriers to trade (TBT), they said.

"We have already achieved near consensus on several peripheral chapters, also crucial for smooth functioning of the FTA. These include good regulatory practices (GRP), transparency, mutual administrative assistance in customs matters, trade facilitation, and intellectual property rights (IPR)," one of them said. Common grounds have also been achieved in several other chapters, a second person said. "Talks have intensified and negotiations have gained significant momentum. Frequency of meetings, both virtual and face-to-face, have gone up significantly after leaders agreed to have a deal by the end of 2025," he said. During the EU college of commissioners' India visit on February 28, 2025, its President Ursula von der Leyen and Prime Minister Narendra Modi announced that the FTA agreement would be concluded by the end of this calendar year.

# Boeing to replace CFO Brian West with ex-Lockheed finance head

**NEW DEIHI, (Agency).** Boeing announced on Monday that it will be replacing its Chief Financial Officer Brian West with Jesus "Jay" Malave, the former finance chief of Lockheed Martin. West will transition into the role of senior advisor to Boeing President and CEO Kelly Ortberg. Malave has also been named as the incoming executive vice president. Both appointments will take effect on August 15.

According to Bloomberg, this move represents the most high-profile leadership change since Ortberg assumed the CEO position at Boeing last year.

In a statement, the company said: "Boeing today announced



a transition in its chief financial officer role. Brian West will become a senior advisor to Boeing President and CEO Kelly Ortberg, and Jesus 'Jay' Malave has been elected as incoming executive vice president and chief financial officer. Both roles are effective August 15."

West, who has served as CFO for the past four years, will continue supporting the company during the transition period, Boeing said. Known for his long-standing professional relationship with former Boeing CEO Dave Calhoun from their time at General Electric, West oversaw Boeing's finances during a turbulent period marked by supply chain and quality issues post-Covid. He played a crucial role in strengthening the company's cash flow, helping raise $24 billion through a near-record equity sale last year, and followed it up by managing the $10.6 billion sale of Jeppesen and other digital assets.

Ortberg acknowledged West's contributions, saying: "I want to personally thank Brian for his outstanding work navigating our recovery and positioning the company for the future. These past few years have been some of the most consequential in Boeing's history, and Brian successfully guided us through last year's historic capital raise and ensured our team always had the resources to continue the critical work to strengthen safety and quality across our operations.

## जनता कहिन..!

### जल जीवन मिशन बना "लूट का मिशन"

30 हज़ार करोड़ के ठेकों में 1 हज़ार करोड़ की कमीशनखोरी के मंत्री पर लगे आरोप पर मोहन सरकार लीपापोती में जुटी है!

मोहन सरकार भ्रष्टाचार में 'विश्वगुरु' बनने निकली है!

जनता के पीने के पानी तक को नहीं छोड़ा, नलों के बदले नोटों की पाइपलाइन बिछा दी!

भाजपा अगर बेगुनाह है, तो स्वतंत्र एजेंसी से जांच क्यों नहीं करवाती? वरना साफ है कि इस घोटाले में ऊपर से नीचे तक सबकी मिलीभगत है!

( MRP )

# आगे चल रही गाड़ी ने खोला गेट, टकरा गए ज्वेलर, अस्पताल में दम तोड़ा




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के खातीपुरा में हुए सड़क हादसे में घायल हुए नंदानगर निवासी ज्वेलर्स रजनीकांत काटकर (26) की मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। रजनीकांत 'महाराष्ट्रीयन ज्वेलर्स' नाम से दुकान चलाते थे। घटना वाले दिन वह रानीपुरा इलाके से दुकान के लिए ज्वेलरी रखने की प्लास्टिक डब्बी लेने निकले थे। उसी दौरान खातीपुरा में वाटर सप्लाई करने वाले एक लोडिंग वाहन (क्रमांक MP09LR5964) के हेल्पर ने अचानक उसका गेट खोल दिया।**

### हेल्पर की लापरवाही से हुआ हादसा

वाहन का गेट खुलते ही वह रजनीकांत की एक्टिवा से टकराया, जिससे रजनीकांत असंतुलित होकर सड़क पर जा गिरे। गिरते समय उनका सिर सड़क किनारे पड़े एक पत्थर से टकराया और उन्हें गंभीर चोट आई। हादसे के बाद वाहन में मौजूद हेल्पर जितेन्द्र और ड्राइवर ने रजनीकांत को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें एमवाय अस्पताल रेफर किया गया।

### इलाज के दौरान तोड़ा दम, दर्ज हुआ केस

एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार सुबह रजनीकांत की मौत हो गई। सेन्ट्रल कोतवाली पुलिस के अनुसार, घायल अवस्था में रजनीकांत होश में थे और उन्होंने खुद हादसे की पूरी जानकारी पुलिस को दी थी। उनके भाई रमाकांत काटकर के बयान के आधार पर पुलिस पहले ही लोडिंग वाहन के हेल्पर के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर चुकी थी।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

रजनीकांत अपने पीछे माता-पिता, छोटा भाई, पत्नी और पांच साल की बेटी को छोड़ गए हैं। परिवार के लिए यह हादसा गहरा आघात है, खासतौर पर तब जब उनकी पत्नी गर्भवती हैं। अब पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की धाराएं जोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना ने शहर में सड़क सुरक्षा और वाहन चालकों की लापरवाही पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।

# शिलोम के ससुराल से सोनम का लैपटॉप और गहने मिले



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के ट्रांसपोर्ट व्यापारी राजा रघुवंशी मर्डर केस की जांच में जुटी शिलॉन्ग पुलिस की एसआईटी एक बार फिर मध्यप्रदेश में है। एसआईटी की टीम ने शिलोम जेम्स के इंदौर स्थित घर और रतलाम स्थित ससुराल में तलाशी ली।**

शिलोम के ससुराल से सोनम का लैपटॉप, गहने और पेनड्राइव जब्त किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, राजा और सोनम के हनीमून ट्रिप पर शिलॉन्ग जाने के टिकट इसी लैपटॉप से बुक किए गए थे। इसकी ब्राउजर हिस्ट्री भी डिलीट की गई थी। यह भी जानकारी सामने आई है कि सोनम ने शिलॉन्ग के अलावा कुछ और शहरों को भी चिह्नित किया था, जहां वह राजा की हत्या कर सके। यह सब लैपटॉप की सर्च हिस्ट्री से हटाया गया। लैपटॉप में कुछ निजी कंपनियों से जुड़े दस्तावेज और फाइनेंशियल डेटा भी मिला है।राजा रघुवंशी के भाई विपिन को सोमवार को क्राइम ब्रांच बुलाया गया। उन्होंने क्राइम ब्रांच को बताया कि सोनम को करीब 15 लाख के गहने दिए थे। विपिन ने बताया कि कुछ जेवरों की शिनाख्त हुई है। जिसमें सोनम के हत्याकांड में पूरी तरह से शामिल होने और साजिश करने की बात सामने आई है।

## तीन फायनेंस कंपनियों से दंपती ने की ठगी

इंदौर। विजयनगर पुलिस ने नागदा के दंपती के खिलाफ लोन फर्जीवाड़े और गबन का केस दर्ज किया है। आरोपी दंपती ने अपनी बिजनेस प्रॉपर्टी पर लोन लिया था। लेकिन प्रॉपर्टी संबंधी दस्तावेज बैंक में जमा नहीं किए। वहीं दूसरी बैंक से भी उतनी ही राशि का लोन उठा लिया। पुलिस अब दंपती के मामले में जांच कर रही है। विजयनगर पुलिस ने बजाज फायनेंस के एरिया मैनेजर आकाश गौतम की शिकायत पर छगन परमार और उसकी पत्नी मीरा परमार के खिलाफ 1 करोड़ से ज्यादा की ठगी का केस दर्ज किया है। आकाश गौतम ने बताया कि दंपती ने चोला मंडलम से प्रॉपर्टी के एवज में बिजनेस के लिए प्रजापत सर्विस सेंटर महिदपुर रोड के नाम से करीब 80 लाख से ज्यादा का लोन उठाया था। बिजनेस के लिए बड़े अमाउंट की जरूरत पड़ने पर दंपती ने बजाज फायनेंस से भी 11 मार्च 2023 को 1 करोड़ 2 लाख से अधिक का लोन ले लिया। दंपती ने लोन अमाउंट के लिए चोला मंडलम से रजिस्ट्री लेकर बैंक में जमा करने की बात कही।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक